PendulumEdu





करेंट अफेयर्स

23-11-2019



# करेंट अफेयर्स

**23rd November 2019**

www.pendulumedu.com

## करेंट अफेयर्स – 23 नवंबर 2019

### 1. 'आदर्श स्टेशन योजना' के तहत देश के 1149 रेलवे स्टेशन विकसित किये गये।

- 30 अक्टूबर तक आदर्श स्टेशन योजना के तहत देश के 1149 रेलवे स्टेशन विकसित किये जा चुके हैं।
- योजना के अंतर्गत देश के 1253 रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई थी।
- शेष 104 रेलवे स्टेशन का विकास कार्य इस वित्तीय वर्ष के समाप्त होने से पहले करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।
- आदर्श स्टेशन योजना रेलवे के आधुनिकीकरण से जुड़ी स्कीम है।
- इसके तहत बड़े शहरों, धार्मिक स्थलों और पर्यटन स्थलों को जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।
- साथ ही रेलवे स्टेशन पर ओवर ब्रिज, स्वचालित सीढ़ी, प्लेटफॉर्म की सतह में सुधार और शौचालय आदि की सुविधाओं को सुनिश्चित किया जाएगा।

### 2. सांभर झील में हजारों प्रवासी पक्षियों के मरने का कारण 'एवियन बोटूलिज्म' है।

- बीते दिनों सांभर झील में हजारों प्रवासी पक्षी मृत पाये गये थे। इनकी मृत्यु का कारण **'एवियन बॉटूलिज्म' है।**
- यह बात भारतीय **पशु चिकित्सा शोध संस्थान** (IVRI), **बरेली** द्वारा अपनी एक रिर्पोट में कही गई है।
- **एवियन बॉटूलिज्म**
  - एवियन बॉटूलिज्म एक बीमारी है जो ***'क्लोसट्रीडियम बॉटूलिज्म'*** नामक **जीवाणु** के कारण होती है।
  - यह जीवाणु प्रजनन के दौरान **बोटुलिन** नाम का एक विष उत्पन्न करता है।
  - यह जीवाणु आठ प्रकार के A,B, $C_1$ $C_2$, D,E,F,G के बोटुलिन विष का निर्माण करता है। जिसमें से C बोटुलिन पक्षियों के लिए और A,B, E मानव के लिए खतरनाक है।

- यह जीवाणु मृदा, नदी या समुद्री पानी में पाया जाता है।
- इस विष से नर्वस सिस्टम प्रभावित होता है और मांसपेशियों का पक्षाघात हो जाता है।
- कई वर्षों के बाद इस वर्ष अच्छे मानसून के कारण सांभर झील में इस जीवाणु को प्रजनन और वृद्धि करने के लिए अनुकूल दशायें प्राप्त हुई थी।

## 3. देश के विभिन्न भागों में 6 प्लास्टिक पार्क बनाने के लिए मंजूरी प्रदान की गई।

- सरकार ने देश के विभिन्न भागों में 6 प्लास्टिक पार्क बनाने के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है।
- ये पार्क असम, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखण्ड और तमिलनाडु में बनाये जाएगें।
- इन 6 पार्कों में से दो पार्क मध्य प्रदेश के बिलौआ और रायसेन में बनाये जाने प्रस्तावित हैं।
- इन पार्कों में कला अवसंरचना निर्माण की स्थिति वाला एक पारिस्थितिक तंत्र होगा।
- साथ ही अत्याधुनिक बुनियादी ढ़ाचे वाली इमारत के साथ–साथ प्लास्टिक प्रसंस्करण उद्योग की क्षमताओं के बीच समन्वय कायम करनें के लिए उचित माहौल भी उपलब्ध होगा।

## 4. जल शक्ति मंत्रालय ने 'शिखर से पुकार' नामक डॉक्यूमेंट्री फिल्म रिलीज की।

- हाल ही में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जल संरक्षण पर 'शिखर से पुकार' नामक डॉक्यूमेंट्री फिल्म रिलीज की है।
- इस फिल्म को जल शक्ति अभियान को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है।
- यह फिल्म आई ए एस अधिकारी रविंद्र कुमार की एवरेस्ट यात्रा पर आधारित है।

- उन्होनें जल संरक्षण और जल प्रदूषण को रोकने जैसे गंभीर मुद्दों पर लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए इस वर्ष एवरेस्ट की चढ़ाई की थी।
- यह फिल्म नदी जो कि भारत में पानी का मुख्य स्त्रोत हैं, के उद्गम स्थल के रूप में हिमायल के महत्व की भी झलक देती है।

## 5. नितिन गड़करी ने एग्रो विजन के 11 वें संस्करण का उद्घाटन किया।

- केन्द्रीय मंत्री नितिन गड़करी ने एग्रो विजन के 11 वें संस्करण का नागपुर में उद्घाटन किया।
- उन्होनें इस अवसर पर महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र के किसानों के विकास के लिए कृषि संबद्ध व्यवसायों के महत्व पर विशेष जोर दिया।
- उन्होनें विदर्भ क्षेत्र में पेशेवरों और वैज्ञानिक संस्थानों से किसानों के कल्याण के लिए पहल करने का आग्रह किया।
- साथ ही इस अवसर पर उन्होंने **केंद्रीय खाद्य एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, मैसूर** के द्वारा विकसित **शहद के क्यूब्स** के बारे में भी जानकारी दी।
- माइक्रो स्मॉल और मिडियम एंटरप्राइज को समर्पित मंडप और पशुधन का प्रदर्शन एग्रो विजन–2019 का मुख्य आर्कषण रहा।

## 6. ई–सिगरेट पर प्रतिबंध बिल लोकसभा में पेश किया गया।

- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट पर प्रतिबंध लगाने संबंधी बिल लोकसभा में पेश किया गया।
- इस विधेयक का उद्देश्य लोगों को ई–सिगरेट के हानिकारक प्रभावों से बचाना है।
- इसके तहत ई–सिगरेट का उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, बिक्री, भंडारण और विज्ञापन सभी पर रोक का प्रावधान किया जाएगा।
- **ई–सिगरेट**

- ई–सिगरेट एक प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक इंहेलर है जिसमें निकोटीन युक्त विलयन गर्म होकर वाष्प के रूप में व्यक्ति के फेफड़ों में जाता है।
- इसमें जिस विलयन का उपयोग किया जाता है वह कई बार निकोटीन से भी ज्यादा हानिकारक होता है।
- इसमें विलयन के रूप में कभी–कभी फॉर्मलडिहाइड का भी प्रयोग किया जाता है जो कि स्वयं में एक कैंसरकारक तत्व है।

**7. आर बी आई ने डी एच एफ एल (DHFL) के प्रशासक को सलाह देने के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया।**

- हाल ही में देनदारी संकट से जूझ रही कंपनी डी एच एफ एल के प्रशासक को सलाह देने के लिए आर बी आई (RBI) ने तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है।
- इस पैनल में राजीव लाल, एन एस कानन और एन एस वैंकटेश शामिल हैं।
- यह समिति दिवालिया और श्रृण शोधन अक्षमता कानून के तहत औपचारिक समाधान से पहले प्रशासक की सहायता करेगी।
- रिजर्व बैंक ने बीते दिनों डी एच एफ एल के निदेशक मंडल को एक प्रशासक के अधीन कर दिया था।
- प्रशासनिक गड़बड़ियों और गंभीर नकदी संकट के कारण उधारी चुकाने में विफल रहने के कई मामले सामने आने के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।

**8. भारतीय वैज्ञानिकों के द्वारा रक्त शर्करा को नियमित रखने वाले प्रोटीन की खोज।**

- हैदराबाद में स्थित सेंटर फॉर सेल्युलर एण्ड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी (CCMB) के वैज्ञानिकों के द्वारा रक्त शर्करा को नियमित रखने वाले प्रोटीन '**सीक्रेटोगिन**' (SCGN) की खोज की गई है।

- यह प्रोटीन मोटापे से प्रेरित मधुमेह में इंसुलिन की क्रिया को बढ़ाने में सहायक है।
- विभिन्न प्रकार के कोशिकीय तनाव इंसुलिन की संरचना और कार्य में हानि पहुचाँते हैं, यह अंततः मधुमेह का कारण बन सकता है।
- मधुमेह, मनोभ्रंश और अल्जाईमर जैसे रोग अक्सर एक दूसरे के साथ जुड़े रहते हैं।
- शोधकर्ताओं के अनुसार बहुत ही जल्द **'सीक्रेटोगिन'** (SCGN) प्रोटीन स्तर के द्वारा मधुमेह के रोगियों की पहचान भी की जा सकेगी।
- सेंटर फॉर सेल्युलर एण्ड मॉलिक्यूलर बायोलॉजी (CCMB) हैदराबाद में स्थित एक भारतीय जैव प्रौद्योगिकी अनुसंधान प्रतिष्ठान है, जो कि वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR) के तत्वाधान में कार्य करता है।
- यह ग्लोबल मॉलिक्यूलर एण्ड सेल बायोलॉजी नेटवर्क यूनेस्को द्वारा नामित उत्कृष्टता केंद्र है।

## 9. बास्क से समृद्धि और समावेश सिटी सील एण्ड अर्वाड्स (PICSA) इंडेक्स जारी किया।

- उत्तरी स्पेन में स्थित बिलबाओ, बास्क से पहली बार समृद्धि और समावेश सिटी सील एण्ड अर्वाड्स (PICSA) इंडेक्स जारी किया है।
- इस इंडेक्स के द्वारा न केवल शहर के आर्थिक विकास को मापा गया है बल्कि यह भी देखा गया है कि इस विकास की कितनी मात्रा और गुणवत्ता उस शहर की आबादी को सुनिश्चित की गई है।
- 113 शहरों के लिए जारी किये गये इस इंडेक्स को तीन स्तंभों के आधार पर मापा जाता है–

  1. संपन्नता
  2. सामाजिक समावेशन
  3. स्थानिक समावेशन

- ज्यूरिक(स्विट्जरलैंड), वियना(ऑस्ट्रिया), कोपेनहेगन (डेनमार्क) इस इंडेक्स में प्रथम तीन स्थान हासिल करने वाले शहर हैं।
- भारत से केवल बैंग्लुरू (83), दिल्ली (101) और मुम्बई (107) को इस इंडेक्स में स्थान प्राप्त हुआ है।

## 10. इसरो के द्वारा कार्टोसेट–3 को PSLV C-47 से लॉन्च किया जाएगा।

- इसरो के द्वारा कार्टोसेट–3 सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र श्री हरिकोटा से 27 नवंबर 2019 को PSLV C-47 से लॉन्च किया जाएगा।
- इसके साथ ही अमेरिका के 13 नैनो सेटेलाइट भी भेजे जायेगें।
- कार्टोसेट–3 को पृथ्वी से 509 किमी. दूर कक्षा में स्थापित किया जाएगा।
- **कार्टोसेट–3 क्या है?**
    - यह पृथ्वी का निरीक्षण करने वाला एक उपग्रह है।
    - इसके द्वारा किसी भी मौसम में किसी भी समय पृथ्वी की उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरे ली जा सकेंगीं।
    - कार्टोसेट सीरीज के अब तक आठ उपग्रह लॉन्च किये जा चुके हैं। कार्टोसेट–1 मई 2005 में लॉन्च किया गया था।

## समसामयिक प्रश्नोत्तर

1. बिलबाओ, बास्क से जारी किये गये समृद्धि और समावेश सिटी सील एण्ड अर्वाड्स (PICSA) इंडेक्स में भारत के किस शहर को शामिल नहीं किया गया है?

a. मुम्बई

b. दिल्ली

c. बैंग्लुरू

d. चेन्नई

उत्तर– d

2. जल संरक्षण पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म का नाम क्या है?

a. जल ही जीवन

b. निर्मल जल

c. शिखर से पुकार

d. पुकार जल संचय की

उत्तर– c

3. आर बी आई ने किस कंपनी के प्रशासक को सलाह देने के लिए तीन सदस्यीय पैनल का गठन किया है?

a. डी एच एफ एल (DHFL)

b. डी एच एल एल (DHLL)

c. एच एच एफ एल (HHFL)

d. डी एम एफ एल (DMFL)

उत्तर– a

4. निम्नलिखित में से किस राज्य में प्लास्टिक पार्क बनाने की मंजूरी प्रदान नहीं की गई है?

a. मध्य प्रदेश

b. झारखण्ड

c. केरल

d. तमिलनाडु

उत्तर– c

5. केंद्रीय खाद्य एवं प्रौद्योगिकी संस्थान कहाँ स्थित है?

a. मैसूर

b. वाराणसी

c. कोलकाता

d. चेन्नई

उत्तर– a

Attempt Free SSC CPO Paper I Mock Test

Read Daily Current Affairs 22 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 22 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 23 November 2019-English

Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

**Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams**

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile

